दिनांकः 04.04.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज अपने संसदीय क्षेत्र कोटा–बूंदी में किसानों से जुड़ी समस्याओं को लेकर अधिकारियों के साथ कोटा के सर्किट हाउस में बैठक की। उन्होंने कहा कि बेमौसम की बारिश से खराब और बदरंग हुए गेहूं को भी सरकारी तुलाई केन्द्र पर लिया जाएगा। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के साथ है और उन्हें चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

....

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि इस क्षेत्र में पहले से अधिक गेहूं का उत्पादन हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को गेहूं खरीद का बेहतर मूल्य दे रही है।

....

ऊर्जा मंत्री ने भामाशाह मंडी का दौरा कर किसानों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही अधिकारियों को भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिये।

000

कोटा के नयापुरा में जल संसाधन विभाग का नया भवन बनाया गया है। कल दोपहर इसके लोकार्पण का कार्यक्रम है। ये भवन करीब 12 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत भी मौजूद रहेंगे।

000

प्रदेश में 6 अप्रैल से "आपणों खेत–आपणी खाद" अभियान चलाया जाएगा। 30 अप्रैल तक चलने वाले इस अभियान से मृदा स्वास्थ्य संरक्षण को नया बल मिलेगा। कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल ने बताया कि किसानों को जलवायु परिवर्तन के वर्तमान दौर में मृदा स्वास्थ्य को संरक्षित रखना बहुत जरूरी हो गया है। इसी उद्देश्य से रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम कर जैविक और प्राकृतिक खेती की ओर प्रेरित करने के लिए ये अभियान चलेगा। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान पंचायत स्तर तक जन जागरुकता कार्यक्रम होंगे। इसमें कृषक गोष्ठियां, रात्रि चौपाल, प्रभात फेरियां, प्रशिक्षण और स्कूलों में जागरुकता गतिविधियां होंगी।

000

राजस्थान नदी बेसिन और जल संसाधन योजना प्राधिकरण तथा जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की कल जयपुर में बैठक हुई। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में राज्य की 16 नदी बेसिनों के विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने इन नदी बेसिनों के समग्र विकास के लिए बेसिन वाइज़ कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये। मुख्य सचिव ने पानी की कमी वाले क्षेत्रों में अन्य स्थानों से जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए भी योजना बनाने को कहा।

000

बहरोड़ में बीती रात एक सड़क हादसे में दो युवकों की मृत्यु हो गई। बहरोड़ थाना अधिकारी अंकित सामरिया ने बताया कि घटना तसींग रोड पर हुई, जहां एक अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार इन युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

000

अप्रैल महीने के शुरूआत में ही मौसम के पैटर्न का सीधा असर जनजीवन और खेती किसानी पर पड़ रहा है। आमतौर पर मार्च महीने के बाद पश्चिमी विक्षोभ कमजोर पड़ जाता है, किन्तु इस बार ये सिस्टम लगातार सक्रिय रहने से प्रदेश में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि का सिलसिला बना हुआ है। मौसम विभाग ने आज भी 25 से अधिक जिलों के लिए आंधी–बारिश का ऑरेंज अलर्ट बताया है। जयपुर, अजमेर, भरतपुर, कोटा और उदयपुर में कहीं–कहीं तेज आंधी के बरसात होने और ओले गिरने की संभावना है।
इससे पहले कल 10 जिलों में तेज बरसात हुई। बीकानेर, श्रीगंगानगर और जैसलमेर में ओले गिरने से जनजीवन पर असर पड़ा। वहीं राजधानी जयपुर में तेज अंधड़ से हुए हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। तेज हवाओं के कारण कई इलाकों में नुकसान पहुंचने के समाचार हैं।

000

प्रदेश में मौसम में हुए अचानक बदलाव के मद्देनजर राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र और सभी जिलों को अलर्ट मोड पर रहने को कहा गया है। आपदा प्रबंधन, सहायता और नागरिक सुरक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव भास्कर ए. सावंत ने कल परिचालन केन्द्र का दौरा किया। उन्होंने सभी जिलों से लगातार निगरानी बनाये रखने और किसी भी तरह की जनहानि तथा मकान क्षति की सूचना तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। श्री सांवत ने कहा कि संभावित जोखिम वाले क्षेत्रों में पहली तैयारी रखते हुए अर्ली वॉर्निंग का प्रभावी उपयोग किया जाए, जिससे आमजन को कम से कम नुकसान हो।

000